राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 15.00 संख्या 33
सुप्रीमा
मैगनेटर स्टीकर मुफ्त
सुपर कमांडो
ध्रुव
A. PRATAP MULICK

स्थान- भारत के उत्तरी प्रांत काश्मीर को घेरे हिमालय के बर्फीले पहाड़-
पात्र- सुपर कमांडो ध्रुव, ग्रैंडमास्टर रोबो, मादाम सुप्रीमा और बॉम्बर! साथ में ब्लैक कैट, एसिड, कमांडर, वायब्रेटर जैसे कई सहायक पात्र।
सीन- सुपर कमांडो ध्रुव की मौत-
सुप्रीमा, तू अपने गुलाम ध्रुव के साथ, मुझे तबाह करने यहां पर आई थी न?
लेकिन आज एक तीर से दो शिकार होंगे! तू भी मरेगी, और ध्रुव भी।
अब से ठीक एक मिनट बाद बॉम्बर के शरीर पर बंधे पावरफुल बम एक साथ फट पड़ेंगे, और दो वर्ग कि॰ मी॰ का पूरा एरिया एकदम तबाह हो जाएगा!
बचेगा, तो सिर्फ बॉम्बर! क्योंकि इसका कवच 'ब्लास्ट-प्रूफ' है।
अपनी मौत से बचकर भाग सकता है तो भागले, ध्रुव!
टिक
टिक
टिक टाक
सुप्रीमा
कथा एवं चित्र. अनुपम सिन्हा.
संपादन. मनीष गुप्ता

राजनगर का वी॰ आई॰ पी॰ एरिया है — एंबेसी पार्क।
और हर वी॰ आई॰ पी॰ इलाके की तरह यह भी सुनसान रहता है...
...क्योंकि इस पूरे एरिया में हैं, कई देशों के दूतावास। और इसमें रहने वाले राजदूत आम आदमियों की तरह सड़क पर नहीं घूमते —
साढ़े ग्यारह बजने वाले हैं। अब किसी भी समय किर्गिस्तान का राजदूत बाहर आता ही होगा। अपने-अपने हथियार चेक करलो।
सब चेक हैं, लेफ्टीनेंट।
याद रखना। बगैर मेरे आदेश के कोई गोली नहीं चलाएगा। गोली तभी चलेगी, जब कोई तीसरा आदमी बीच में टांग अड़ाएगा।
जो टांग अड़ाएगा, वह लंगड़ाता हुआ नर्क तक जाएगा। वैसे भी हमको अब तक किसी ने देखा ही नहीं है।
लेकिन नजरें तो हर जगह मौजूद रहती हैं।
चाहे वह इंसान की नजरें हों...
...या जानवर की —
और जानवर यह बात अच्छी तरह से समझते हैं —
कि इन खूनी दरिन्दों से एक ही आदमी निपट सकता है।
सुपर कमाण्डो ध्रुव —
भौं, भौं, भौं! वौ ऊऽऽऽ! वाऊ, वाऊ...
समझ गया, दोस्त!
चलो, मुझे बताओ, कि वे बंदूकधारी कहां पर छिपे हुए हैं।
बाकी का काम मेरे घूंसों पर छोड़ दो!

किर्गिस्तान का राजदूत, अपने रास्ते में खड़ी मौत से बेखबर था—
जल्दी चलो ड्राइवर! वर्ना मैं डिनर के लिए लेट...
... हो जाऊंगा।
क्या हो गया?
टायर पंचर हो गया है, सर!
सड़क पर कीलें पड़ी हुई हैं।
कीलें? कीलें सड़क पर कैसे आईं?
कीलें सड़क पर हमने बिखराई हैं?
तुमको रोकने के लिए माननीय राजदूत जी!
क... कौन हो त... तुम?
हमको अखबार वाले, 'काइगीर' के आतंकवादी कहते हैं।...
...और हम काइगीर से यहां पर, 'आतंकवादी-कौंसिल' का हुक्म पूरा करने आए हैं।
और वह हुक्म है...
तुम्हारा अपहरण करना, राजदूत!
जिसकी सजा है, कम से कम बीस साल की कैद!
और वह भी बामशक्कत!
क...कौन?
मुझे अखबार वाले...
...सुपर कमांडो ध्रुव कहते हैं।

गोली चलाओ!
एस० के० 56 रायफल दागो!
गोलियों से तो ये कई बार बच चुका है, लेफ्टीनेंट!
लेकिन देखता हूं, कि यह बम के धमाके से कैसे बच पाता है!
धुएं की लकीर छोड़ता बम, ध्रुव की तरफ आकर गिरा—
लेकिन तब तक ध्रुव अपनी जगह छोड़ चुका था—
आसपास, पूरी तरह से छिप पाने की कोई जगह नहीं थी।
बम किसी भी पल फट सकता था।
...लेकिन—
बम नहीं फटा?
क्यों नहीं फटा?
कुछ गड़बड़ हो गई है!
गोलियां दागो! यह कई रायफलों की गोलियों से कभी नहीं बच सकता!
पलक झपकते, ट्रेंड उंगलियां, ट्रिगरों पर दब गईं—
लेकिन—
कट
किड़ंक
?
खट

हमारे हथियारों में कुछ गड़बड़ हो गई है!
भागो!
आतंकवादी, वैन में बैठ चुके थे।
आश्चर्यचकित ध्रुव के संभल पाने से पहले ही—
आप ठीक तो है न, सर?
ह... हां! मैं ठीक हूं! लेकिन वे लोग भाग रहे हैं।
उनको रोको! पकड़ो उन्हें!
लेफ्टीनेंट! वह लड़का ध्रुव, बड़ी तेज़ी से हमारे पीछे आ रहा है!
उसको रोकने का एक ही तरीका बचा है! अपनी सारी गोलियां निकालकर मुझे दो!
तेज स्पीड में आता ध्रुव, सड़क पर पड़ी गोल गोलियों से नहीं बच पाया।
लेकिन ध्रुव से बचकर भाग पाना, इतना आसान नहीं था।
चीं चीं ई
ध्रुव के मददगार हर जगह पर मौजूद थे।

ध्रुव की यह चहाहट सुनते ही, पेड़ों की शाखों पर सोए पंछी भूखे शेर की तरह, गाड़ी पर झपट पड़े–

ओफ़! ये चिड़ियों का झुंड! मुझे कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है।

बिना देखे, गाड़ी चलाने का जो अंजाम हो सकता था, वही हुआ–

धड़ाााक

जंगल के अंदर भागो।

यह मोटरसाइकल से जंगल के अंदर हमारा पीछा नहीं कर पाएगा।

लेकिन आतंकवादी यह नहीं जानते थे...

...कि ध्रुव के लिए, मोटरसाइकल कोई वाहन नहीं, बल्कि उसके शरीर के एक अंग की ही तरह था–

अब वे यह बात समझ रहे थे...

धड़क

...लेकिन बड़े दर्दनाक तरीके से।

आतंकवादियों के कुछ सोच पाने से पहले ही खेल खत्म हो गया—
अब मुझे तुम लोगों के मुंह से सारा किस्सा सुनने को मिलेगा।
लेकिन ध्रुव का यह ख्याल गलत था।
ओफ़! यह क्या?
इसका तो सारा बदन नीला पड़ गया है।
इसके मुंह में साइनायड का कैप्सूल है।
यानि इसने पकड़े जाने के डर से आत्म-हत्या कर ली है।
कुछ ही पलों की छानबीन ने सब साफ कर दिया—
सभी आतंकवादियों ने साइनायड का कैप्सूल चबा लिया था।
ध्रुव के लिए जानकारी पाने के सारे रास्ते बंद हो चुके थे।
और फिर—
तुमने तो कमाल कर दिया, ध्रुव।
इतने खतरनाक आतंकवादियों का प्लान इतनी आसानी से नाकाम कर दिया!
कमिश्नर पुलिस (आतंकवाद सेल)
आसानी से नहीं, सर! अगर उनके हथियार ऐन टाइम पर धोखा न दे जाते...
... तो आप मेरे बजाय मेरी लाश को देख रहे होते!
बड़े आश्चर्य की बात है। इतने महत्वपूर्ण मिशन पर आने से पहले आतंकवादियों ने अपने हथियार तक चेक नहीं किए।
न जाने क्यों मुझे इस घटना के पीछे, किसी बड़े षड्यंत्र की बू आ रही है।
और इस षड्यंत्र की जड़...
काश्मीर में है।
मुझे काश्मीर जाना ही होगा।

ध्रुव के काइगीर पहुंचने से पहले...
...इस घटना की खबर काइगीर पहुंच चुकी थी।
क्या? हमारे तीनों आदमियों को आत्म-हत्या करनी पड़ी! क्यों?
सुपर कमांडो ध्रुव के हाथों पकड़े जाने के डर से, उन तीनों ने साइनायड कैप्सूल चबा लिए, कमांडर!
ओफ! उन मूर्खों ने उस छोकरे को बमों और गोलियों से उड़ा क्यों नहीं दिया?
रिपोर्ट के मुताबिक उनकी रायफलों ने काम नहीं किया।
हैंड ग्रेनेड भी फुस्स होकर रह गए।
समझा! हथियारों की वह खेप हमने किससे खरीदी थी, एरिया कमांडर?
ग्रैंड मास्टर रोबो से, कमांडर।
ग्रैंडमास्टर रोबो के सारे कांट्रैक्ट कैंसिल कर दो।
अब हम उससे कोई माल नहीं खरीदेंगे।
एरिया कमांडर! सुप्रीमा से कांटेक्ट करो! आइन्दा हमारा सारा माल वहीं से आएगा।
जो हुक्म, कमांडर!
हैण्ड ग्रेनेड
ग्रैंडमास्टर रोबो— एक ऐसा इंसान, जो आधा मशीन है, और आधा इंसान।
जिसके साए में पलते हैं दुनियाभर के आतंकवादी—
जिसके सामने मौत भी कांप जाती है
एक बार—
आज गुस्से से खुद कांप रहा है—
क्या? 'टेररिस्ट कौंसिल' ने हमारे सारे आर्डर कैंसिल कर दिए, क्योंकि हमारे द्वारा बेचे गए हथियारों ने काम नहीं किया?
पर यह हुआ कैसे? हमारे हथियार तो एकदम ठीक थे।
हमारे हथियार बेकार थे नहीं, बल्कि किए गए थे।
यह काम जरूर सुप्रीमा की किलर लीग का ही है, ग्रैंडमास्टर।
क्योंकि हमारे अलावा सिर्फ किलर लीग ही, अवैध हथियार सप्लाई करने के बिजनेस में है।
...वह आतंकवादियों की नजरों में हमारी साख को खत्म कर देना चाहती है।

सुप्रीमा, वह कल की छोकरी ग्रैंडमास्टर रोबो की साख खत्म करने चली है। लेकिन उससे पहले हम उसे खत्म कर देंगे।
काश्मीर पहुंच चुका ध्रुव यह नहीं जानता था, कि उसका जानी दुश्मन ग्रैंड-मास्टर रोबो उसकी बगल में खड़ा है—
हुम! यानि आतंकवादियों ने किर्गिस्तान के राजदूत का अपहरण करने की कोशिश की, यह तो आश्चर्य की बात है। क्योंकि हम तो समझते थे कि किर्गिस्तान ही आतंकवादियों को हथियारों के लिए पैसे देता है।
पर इस घटना से तो पता चलता है कि आतंकवादी, किर्गिस्तान के खिलाफ हैं।
अब हमको फिर से यह पता लगाना होगा कि आतंकवादियों को मदद कहां से मिल रही है?
मैं इसी काम में आपकी मदद करने के लिए, काश्मीर आया हूं, सर!
तुम्हारे जैसे जांबाज और बहादुर शख्स की हर मदद का हम स्वागत करेंगे। यहां की स्थिति की पूरी जानकारी तुमको कैप्टेन राहुल से मिल सकती है।...
...वह अभी-अभी 'किल्लू हाइवे' की गश्त पर निकला है।
तुम उससे रास्ते में ही मिल सकते हो। वर्ना उसको वापस आने में कुछ भी समय लग सकता है।
ठीक है। मैं कैप्टेन राहुल को रास्ते में ही पकड़ लेता हूं।
लेकिन किस्मत को कैप्टेन राहुल और ध्रुव की मुलाकात मंजूर नहीं थी—
—क्योंकि रास्ते में कोई और, कैप्टेन राहुल और सैनिकों का इंतजार कर रहा था—
वह देखो! सीमा सुरक्षा बल के जवानों का ट्रक आ रहा है।
अब ब्लास्टर तुमको दिखाएगा, कि दुश्मन को खत्म कर देना कितना आसान है।
चौड़ी सड़क पर बारूदी सुरंग, एक छोटे पत्थर जैसी ही लग रही थी।
और ऐसी चट्टानों को कुचलते हुए निकल जाना...
...ट्रक के पहियों के लिए आम बात थी—
बारूदी सुरंग की छोटी सी रॉड दबी—

और एक कर्णभेदी धमाके ने पूरे ट्रक को हवा में उड़ा दिया –
बड़ाााम
धमाके की आवाज दो किलोमीटर दूर तक जा पहुंची –
ओह! यह तो किसी तेज बम का धमाका था!
मुझे जल्दी से जल्दी घटनास्थल पर पहुंचना होगा!
इस धमाके से ध्रुव जैसे लोग चिंतित हो गए थे।
और आतंकवादी जैसे लोग खुश!
वाह! वाह! तुम्हारी बारूदी सुरंग तो सचमुच पावर फुल है, ब्लास्टर!
सुप्रीमा से कहना कि पच्चीस हजार पीस भेज दे!
माल तुम्हारे पास कल पहुंच जाएगा...
पैसे तैयार रखना!
हा हा हा! आखिर 'किलर लीग' ने रोबो आर्मी को मात दे ही दी!
अब आतंकवादियों को सारा माल सिर्फ सुप्रीमा...
...सप्लाई करेगी!
आई!
तड़ाक

वैसे तो मुझे यह पता करने में काफी समय लगता कि इस ब्लास्ट के पीछे किसका हाथ है।...

...लेकिन तुमने मुझे खुद ही चिल्ला-चिल्ला कर बता दिया।

कौन हो तुम?

मैं कौन हूं, यह तुम्हारे लिए जानना जरूरी नहीं है।

तुम्हारे लिए जानना जरूरी यह है कि अब सेना के अधिकारियों के आने तक, तुम यहां से भाग नहीं सकते।

धाड़.

मेरा नाम 'ब्लास्टर' है बच्चे।

मुझे छूने तक की कोशिश करनेवाले के चिथड़े उड़ जाते हैं।

नमूना देखना है तो देख ले।

मेरा नाम सुपर कमांडो ध्रुव है, मि० ब्लास्टर!

ऐसे मामूली बम...

...मेरे पास फटने की हिम्मत नहीं करते।

धड़ाम

आह!

शुक्र मनाओ कि ये बम मैंने तुमसे दूर पर फेंका! क्योंकि मेरा मकसद तुमको सिर्फ घायल करना था!

मारना नहीं!

मरेगा तो तू, ध्रुव!

अगर मैं पहले जान जाता कि तू ध्रुव है...

...तो मैं तुझ पर मामूली ग्रेनेड फेंकता ही नहीं!

क्योंकि तेरे जैसे लोगों के लिए मेरे पास है...
क्लस्टर बम!
इस एक बम के अन्दर भरे हैं, कई छोटे बम...
...और ये सड़क जैसी कड़ी सतह से टकराते ही भयंकर धमाके के साथ फटते हैं।
जरूर फटते होंगे।
लेकिन मैं अपने पास नहीं फटने दूंगा!
रबर की लचीली सतह से टकरा कर—
टप
सट
खट
बम, ध्रुव से दूर जा गिरे—
सड़क से बमों के टकराते ही—
धमाके हुए—
और एक धमाके से, ट्रक का एक टूटा पुर्जा उड़ता हुआ ध्रुव के सिर से आ टकराया—
धाड़
धड़ाम
चोट जबर्दस्त थी।
ध्रुव का दिमाग लगभग तुरंत ही अंधेरे में डूबने लगा—
ओफ! सारा बदन दर्द से चूर हो रहा है।
अब सेना के अधिकारी किसी भी पल यहां पर पहुंच सकते हैं।
यहां पर एक पल भी ज्यादा रुकना, मौत को दावत देने के बराबर है।
लड़खड़ाता हुआ ब्लास्टर, झाड़ियों में छिपता हुआ—
शार्टकट से, अपनी मंजिल की तरफ भागा।
त... तुम!!!
लेकिन आज वहां तक पहुंच पाना उसकी किस्मत में नहीं था।

कोई उसका रास्ता रोककर खड़ा था।
एसिड ! ग्रैंडमास्टर रोबो का खास चमचा।
यानि रोबो को हमारे नए सौदे की खबर लग गई है।
वह हमारी साख को खत्म कर देना चाहती है।
और जो हमारी साख को खत्म करने की कोशिश करेगा, उसे हम खत्म कर देंगे।
हां, सुप्रीमा के गुलाम !
ग्रैंडमास्टर को इस बात की खबर लग गई है कि सुप्रीमा ने ही हमारे हथगोलों और रायफलों की नई खेप को किसी तरह से बेकार कर दिया है।
तूने ब्लास्टर से टकराने की जुर्रत की है !
और ब्लास्टर से टकराने वाले के चिथड़े उड़ जाते हैं !
क्योंकि मैं वह एसिड फेंकता हूं, जो पत्थरों तक को गला देता है !
हथगोलों को भी !
हिस्स
जानना चाहता है कि मुझे एसिड क्यों कहते हैं ?
यह तेरे उन हाथों को भी गला सकता है,
जिनसे तू हथगोले फेंकता है !
ईयाया या याया !!

डर मत! मैं तुझे मारूंगा नहीं। लेकिन तुझे इस लायक भी नहीं छोडूंगा...
ईयाआऽऽऊ
...कि तू सुप्रीमा को इस सौदे के बारे में बता सके।
अब तू घिसटता हुआ जा सुप्रीमा तक!
और अगर उसे पच्चीस हजार बारूदी सुरंगों के सौदे के बारे में बता सकता है तो बता ले!
इधर ब्लास्टर की चीखें गूंज रही थीं।
और इधर- ध्रुव को होश आ रहा था!
तुम ठीक हो न, ध्रुव?
हां! लेकिन ट्रक में बैठे जवान?
...और कैप्टेन राहुल?
उनका क्या हुआ?
पांच जवान मारे गए हैं!
और ग्यारह घायल हुए हैं! यह एक शक्तिशाली बारूदी सुरंग का धमाका था!
ओफ! मैं उस ब्लास्टर को ढूंढ़कर ही रहूंगा!
यह ब्लास्टर कौन है?
ध्रुव, मेजर शर्मा को सब बताता चला गया।
ओह! मैं अभी उसका हुलिया सर्कुलेट करवा देता हूं!
साथ ही साथ सभी मृत और घायल जवानों के घरों में सूचना भी भेजनी है!

रोबो के खेमें में खुशी की लहर दौड़ रही थी।
शाबास, एसिड, शाबास! सुप्रीमा समझ तो जाएगी ही कि ब्लास्टर की यह हालत किसने की है।
उसके बाद, वह हमसे टकराने से पहले सौ बार सोचेगी।
अब तुम जाकर आतंक-वादियों को हमारा ऑफर दो।
आतंकवादियों को 'पच्चीस-हजार' बारूदी सुरंगें अब ग्रैंड-मास्टर रोबो बेचेगा।
और कमाएगा लाखों का मुनाफा।
सुप्रीमा, का हर अंग गुस्से से कांप रहा था।
किसने ब्लास्टर का यह हाल किया है? किसमें इतनी हिम्मत आ गई है कि वह सुप्रीमा के आदमी पर हाथ डाले?
इसकी हालत देखकर तो लग रहा है कि किसी ने इस पर तेज एसिड डाला है।
और यह काम सिर्फ एक ही आदमी का हो सकता है... ग्रैंडमास्टर रोबो के आदमी, एसिड का।
रोबो! रोबो ने अपनी मौत को आवाज देकर बुलाया है...
इस बार या तो रोबो आर्मी बचेगी, या किलरलीग।
हमारे बारूदी सुरंगों वाले ऑफर का क्या हुआ?
वह तो सिर्फ ब्लास्टर ही बता सकता है। और अभी यह अत्यधिक दर्द के कारण बेहोश हो गया है।
हमको इसके होश में आने का इंतजार करना होगा।

ध्रुव धीरे-धीरे अपने और देश के दुश्मनों के करीब पहुंच रहा था—

इधर की झाड़ियां और घास कुचली हुई लग रही हैं।

ब्लास्टर जरूर इधर से भागा होगा।

कुछ दूर जाते ही ध्रुव का शक सही साबित हो गया—

यह बैग।

यह तो ब्लास्टर के कंधे पर था।

लेकिन अपना बैग छोड़कर ब्लास्टर कहां?

अरे! जमीन पर खून के निशान पड़े हुए हैं।

और जमीन में यह छेद कैसा है?

लगता है जैसे किसी चीज ने जमीन को गला दिया है।

'एसिड' जैसी चीज!

लेकिन यह एसिड यहां पर डाला किसने?

और ब्लास्टर कहां गया?

बारूदी सुरंग के धमाके से मरे और घायल हुए जवानों के घरों पर, मनहूस खबर के तार पहुंच रहे थे।

कोई दुःख से बेहोश हुआ जा रहा था—

और कोई गुस्से से पागल—

कैप्टेन राहुल घायल।

हालत गंभीर।

नहीं! तू मर नहीं सकता।

कभी नहीं।

अगर तुझे कुछ हो गया, मेरे भाई, तो तेरे बदन पर लगे एक-एक घाव का हिसाब, तेरे दुश्मनों को हजार-हजार घाव खाकर चुकता करना होगा।

हिम्मत रख, राहुल।

तुझे कुछ नहीं होगा।

मैं आ रही हूं।

तुझे भी देखूंगी...

और तेरे दुश्मनों को भी।

कोई काश्मीर पहुंचने की तैयारी कर रहा था—

और कोई काश्मीर पहुंच चुका था—

काश्मीर टाइम्स (एडीटर)

तो आप जर्मनी से यहां पर, आतंकवादियों पर एक फोटो फीचर करने आई हैं।

मैं ठीक समझा न, स्टेफी ?
हां, एडीटर साहब! आप अगर आतंकवादियों से संपर्क करने में मेरी मदद कर सकें, तो मेरा काम आसान हो जाएगा!
हमारे पास आतंकवादियों की कई घोषणाएं आती रहती हैं। जिनके जरिए वे घोषणाएं हम तक आती हैं...
... उनके जरिए हम आतंकवादियों तक आपकी खबर पहुंचा देंगे! आगे आप जानें और आतंकवादी!
थैंक्यू, एडीटर साहब!
अब मुझे पूरा यकीन हो गया है कि मेरा काम पूरा होकर ही रहेगा!
दिन धीरे-धीरे बीतने लगा।
आज चारों तरफ शान्ति थी।
हलचल थी तो सिर्फ आर्मी हॉस्पिटल में—
आप कैप्टेन राहुल की पत्नी हैं?
नहीं डॉक्टर! वह मेरा चचेरा भाई है!
मेरे चाचा, चाची का एक साल पहले प्लेन-क्रैश में देहान्त हो चुका है।
अब इस दुनिया में, मैं ही उसकी अकेली रिश्तेदार हूं।
और वह मेरा!
ओह! तब तो मुझे आपको यह बताते हुए बेहद अफसोस हो रहा है कि...
क्या हुआ, डॉक्टर?
राहुल... जिंदा तो है न?
अभी तक तो है! लेकिन कब तक रहेगा, यह कहना मुश्किल है!
इस वक्त उसको दवा से ज्यादा, दुआ की जरूरत है!
भगवान से प्रार्थना करो! शायद वह तुम्हारी प्रार्थना सुन ले!
पलट कर जाता हुआ डॉक्टर, आंखों में छलक आए आंसुओं को नहीं देख पाया
और न ही उन आंसुओं में मिले खून को।
वर्ना वह समझ जाता कि कुछ भयंकर घटने वाला है।

और शहर में—
उस जर्मन लड़की को देख रहे हो न, एसिड ? वह मेरा इंटरव्यू लेना चाहती है।
पर हमारे लिए यह पता करना जरूरी है कि कहीं यह लड़की, पुलिस की जासूस तो नहीं है।
अगर तुम यह पता लगा दो, तो हम रोबो की पिछली गलतियां भी माफ कर देंगे।
और पच्चीस हजार बारूदी सुरंगें भी तुमसे ही खरीदेंगे।
अभी लो, कमांडर!
एसिड को देखकर तो शेयर दलाल तक सच बोलने लगते हैं।
ऐ लड़की! चल मेरे साथ।
क...कौन हो तुम?
जुबान बंद रख! वर्ना उसे गला कर रख दूंगा...
एसिड नाम है मेरा।
एसिड ने सोचा था कि उसे देखकर स्टेफी भयभीत हो उठेगी।
लेकिन उसका यह अंदाजा गलत था।
तड़ाक
ओफ! भागकर तू कहां जाएगी, लड़की?
मैं तेरे पैरों को ही गला दूंगा!

एसिड की धार स्टेफी की तरफ लपकी तो जरूर—
लेकिन उस तक पहुंच नहीं पाई।
और सड़क में एक गोल सुराख हो गया—
हिस्स्स
समझा! अब मैं समझा कि ब्लास्टर पर हमला तुमने ही किया था! क्योंकि वहां पर भी मुझे सड़क पर एक ऐसा ही छेद मिला था।
अब ऐसा ही एक छेद तेरी खोपड़ी में भी मिलेगा, ध्रुव!
अच्छा! मेरा नाम जानते हो! यानि मेरी शोहरत तुम्हारे गन्दे कानों तक भी पहुंच गई है।
तब तो तुम यह भी जानते होगे कि मैं तुम जैसे गुन्डों की बहुत पिटाई करता हूं!
ACID
H_2SO_4
पिटाई तो तेरी मैं करूंगा! और गलाई भी!
सबसे पहले तुझे मोटरसाइकल परसे उतार लूं!
ओफ! इतना तेज एसिड!
एक ही धार ने मोटरसाइकल की बॉडी को गला डाला!
क्लिक
ईस्स्स

यह धार अगर मेरे बदन पर पड़ गई, तो बदन के आर-पार छेद हो जाएगा।
तो ले! इन पांच धारों से एक साथ बचकर दिखा।
उछल-उछलकर बच रहा है, लड़के!
ध्रुव तो उन धारों से किसी तरह से बच गया—
लेकिन धारों ने नए निशाने ढूंढ़ लिए।
निशाने जैसे बिजली का खम्भा!
बचो! वर्ना बिजली के जिंदा तार तुम पर गिर जाएंगे।
ध्रुव ने स्टेफी को तो बचा लिया—
लेकिन हाई वोल्टेज की करेंट ने अपना कहर ढा ही दिया—

यह बेकाबू होता जा रहा है। इसको जल्दी से जल्दी रोकना होगा!
और इसको रोकने का सबसे अच्छा तरीका है...
धड़ाड़
बिजली के ये हाईटेंशन तार!
बिजली का एक करारा झटका खाते ही...
?
मुझे बिजली के झटके नहीं लग सकते हैं, कमांडो!
क्योंकि जिस एसिडप्रूफ प्लास्टिक में मैं एसिड रखता हूं...
... वह मुझे करेंट लगने से भी बचाता है।
चारों तरफ से आवारा कुत्तों की फौज, एसिड की तरफ लपकी–
पलभर के लिए तो एसिड बौखला गया–
भौं भौं
वौऊ
मैं इसको एक ही घूंसे में बेहोश कर सकता हूं!
लेकिन यह मुझे अपने पास तक पहुंचने ही नहीं दे रहा है। पहले इसका ध्यान दूसरी तरफ लगाना होगा।
वौऊं। गुर्र र्र... गुर्र र्र र्र...
आवाज, ध्रुव के गले से उबलते ही–
लेकिन फिर– तेज एसिड की धार हवा में उड़ाता हुआ, उसका हाथ घूमा–

और सारे कुत्ते, बीच रास्ते में ही ढेर हो गए।
क्याऊं
वाऊं
यह लड़का कौन है, कमांडर, जो एसिड को चुनौती देने की हिम्मत कर रहा है।
इसकी शक्ल तो देखी, देखी सी लग रही है। कुछ, कुछ याद आ रहा है।
यह चाहे कोई भी हो।
'एसिड' आज इसको जिन्दा नहीं छोड़ेगा।
यह तो हर पल के साथ खतरनाक होता जा रहा है।
और मुझे इसे रोक पाने का कोई रास्ता समझ में नहीं आ...
आऊ!
SODA
अब तो कोई न कोई रास्ता सोचना ही पड़ेगा। वर्ना मेरी मौत...
सोडा!
मिल गया रास्ता।
इसकी ताकत है, अम्ल, यानि एसिड!
और एसिड का काट होता है... सोडा! जो यहां पर मिलेगा, इन सोडा वॉटर की बोतलों के अंदर।
बड़ाम
और अगर इन बोतलों को हिलाकर जमीन पर पटका जाए...
धा
ड़
... तो ये छोटे बम जैसा धमाका करती हैं।

बौखलाए हुए एसिड ने, ध्रुव पर फिर से हमला किया—
फ्शिर्रर्रम
जनरल स्टोर
SODA
लेकिन इस बार उसका एसिड, हवा में ही बेकार हो गया।
और एक ही घूंसे में एसिड ढेर हो गया।
ईयाऽऽ
धड़ाक
ACID
क... कमांडर! इस लड़के ने तो एसिड को एक ही घूंसे में बेहोश कर दिया!
अब एसिड, इसको हमारे बारे में सब बता देगा! और फिर यह हमारी बहुत सुताई करेगा!
मैं तो अभी से अस्पताल में एक बेड बुक करवा लेता हूं।
चुप बे! जब तक ए० के०56 हमारे हाथ में है, तब तक हमें कोई छू भी नहीं सकता!
और रही इस लड़के की बात, तो इसको मैं एक ही झटके में खत्म कर देता हूं।

इस बार स्टेफी ने ध्रुव का एहसान उतार दिया।
बचो, ध्रुव!
तड़तड़तड़तड़
ओह! इस कार में जरूर एसिड के साथी आतंकवादी होंगे।
तड़तड़तड़
ओफ! गोलियां बेकार जा रही हैं। और वह बढ़ता आ रहा है!
भगा कार को, लेफ्टीनेंट।
डैमइट! इतनी पास आकर भी बचकर निकल गए, आतंकवादी!
खैर! भागकर जाएंगे कहां? एसिड से इनका पता...
अरे! आतंकवादियों की एक गोली ने इसका भी काम तमाम कर दिया है।
आतंकवादियों तक पहुंचने का एक और रास्ता खत्म हो गया।
नहीं, ध्रुव! मैंने अपने कैमरे में उनकी कार की भी तस्वीर उतार ली है।
उससे शायद तुमको कोई मदद मिले।
पर तुम हो कौन? और यह आदमी एसिड तुमसे क्या चाहता था?

यह आदमी कौन था, यह तो मुझे नहीं मालूम!
लेकिन अपने बारे में मैं तुमको सारी बातें बताती हूं। आओ, मेरा होटल पास में ही है! वहीं चलकर बातें करते हैं।
ठीक है! लेकिन पहले जरा पुलिस को इंफार्म कर दें।
काश्गीर घाटी का पुलिस हैडक्वार्टर -
और यह है, पुलिस हैडक्वार्टर का रिकार्ड रूम —
मेरा ख्याल सही था! यहां पर पुलिस के मुखबिरों पर फाइलें मौजूद हैं।
गुलसान
अब ये मुखबिर ही मुझे उन आतंकवादियों तक पहुंचाएंगा०००
जिसने मेरे भाई राहुल को मौत के द्वार तक पहुंचाया है।
और फिर उनकी हर एक सांस पर कब्जा होगा०००
ब्लैक०० कैट का!
सुप्रीमा का खून खौलकर उबलने वाला था।
ये है ग्रैंडमास्टर रोबो का अड्डा! हमको इसे ऐसा तबाह करना है०००
००० कि फिर रोबो, सुप्रीमा के सामने सर उठाने की सोच ही न सके!
यानि तुम लोगों ने हमारा सिर कुचलने की पूरी योजना बना ली है!
किर्गिस्तान की खुफिया एजेंसी का चीफ राइल!
तुम यहां पर कैसे?
तुम लोगों को समझाने आया हूं, यहां पर!
हमने अब तक जितनी मेहनत की है, उस पर तुम लोग पानी फेर रहे हो?

हमने अपनी खुफिया एजेंसी के आदमियों को आतंकवादी बनाकर सीमा पार से यहां पर भेजा!
उन्होंने यहां के नवयुवकों को गुमराह करके उनको भी आतंकवादी बना दिया!
जब यहां के लोगों को हम पर शक होने लगा, तो हमने राजनगर में अपने ही राजदूत के अपहरण का नाटक कराया!
हमने उनको पैसा दिया, ताकि वे तुमसे हथियार खरीदें! इसमें तुमने भी मुनाफा कमाया।
यह सब क्या इसीलिए कि तुम्हारी और रोबो की आपसी लड़ाई के कारण हमारी सारी मेहनत, मिट्टी में मिल जाए?
और यह देश, कमजोर होने के बजाय और मजबूत हो जाए?
हमने रोबो से बात की है! अब तुम दोनों आपस में मिल बैठकर सुलह कर लो।
कभी नहीं! यह कभी नहीं हो सकता! इस समस्या का एक ही हल है...
रोबो का खात्मा!
मादाम! मादाम!
क्या हुआ, कंधारी?
रोबो का दाहिना हाथ टूट गया!
उसका सबसे खास आदमी एसिड मारा गया।
एसिड मारा गया? किसने मारा उसको?
मरा तो वह आतंकवादियों की गोली से! लेकिन उसकी मौत का कारण था...
सुपर कमांडो ध्रुव!
राजनगर वाला सुपर कमांडो ध्रुव?
जिसने हमारी इंडियन ब्रांच को खत्म किया था?
हां, मादाम!
वाह! अब तुम देखते जाओ, चीफ!
अब सुप्रीमा दो शिकार एक साथ करेगी।

और अगर तुम मेरा साथ दोगे, तो तुम्हारा नाम भी दुनिया के अरबपतियों में शामिल हो जाएगा।
क्या करोगी तुम?
ध्रुव को अपना गुलाम बनाऊंगी। और फिर होगा...
... ध्रुव के हाथों रोबो का खात्मा!
क्योंकि ध्रुव ही एक ऐसा शख्स है, जो रोबो का साम्राज्य दो बार तबाह कर चुका है।
ध्रुव को गुलाम बना पाना असंभव है!
तुम अभी सुप्रीमा को जानते नहीं हो, चीफ। क्योंकि मैंने तुमको अपनी हिप्नोटिक शक्तियां कभी दिखाई नहीं।
यह तुम्हारा अंगरक्षक तुम्हारा वफादार है न?
सिर्फ तुम्हारी बात ही मानता है?
मेरे अलावा यह किर्गिस्तान के राष्ट्रपति तक की बात नहीं सुनता!
तो देखो!
मेरी आंखों में देखो! गौर से देखो!
देखते रहो!
अब तुम मेरे गुलाम हो!
हां!
अपनी पिस्तौल निकालो!
उसे अपनी कनपटी पर रखो!
और ट्रिगर दबा दो!
नहीं शम्सी!
रुको!
रुक...
धांय

शम्सी... ने जान बूझकर आत्म-हत्या कर ली?
मैं तुमको भी आत्महत्या करने पर मजबूर कर सकती हूं, चीफ!
दूंगा!
ठीक है! कंधारी, ध्रुव के बारे में सारी जानकारी इकट्ठी करो!
अब बोलो! मेरा साथ दोगे या नहीं?
ध्रुव के, काश्गीर आने की खबर, रोबो के लिए एक धमाका थी।
ध्रुव! वह यहां पर भी आ गया!
और एसिड उससे हार जाने के बाद आतंकवादियों के हाथों गलती से मारा गया।
ध्रुव से, आतंकवादी भी चिंतित थे।
यह लड़का ध्रुव तो बहुत खतरनाक है!
हां, ग्रैंडमास्टर!
यह ध्रुव जब तक जिंदा रहेगा, तब तक मेरा नुकसान करता रहेगा।
इस बार मैं इसको काश्गीर से जिंदा वापस जाने नहीं दूंगा!
गुलखान आया है!
क्या खबर लाया है, गुलखान?
जब तक यह काश्गीर में रहेगा, तब तक कोई बड़ी वारदात कर पाना मुश्किल है।
कमांडर! कमांडर!
अच्छी खबर है, कमांडर! आज नालासर इलाके में पुलिस, सेना का कोई पहरा नहीं है।

उस इलाके में आज खौफनाक वारदात की जा सकती है!

लेकिन अगर तुम लोग उस इलाके नाला-सर में गए...

... तो तुम लोग जिंदा वापस नहीं आओगे।

क्योंकि यह गुलखान, पुलिस का मुखबिर है?

देखो, यह फाइल!

सच में! यह गुलखान तो गद्दार...

रुक जा, वर्ना गुलखान!..

लेकिन मौत के भय से भागता, गुलखान नहीं रुका —

और हर धमाके के साथ उसके शरीर में एक सुराख होता चला गया —

धड़ाम धड़ाम

हम तुम्हारा शुक्रिया अदा करते हैं।

अगर तुम हमको न बताती, तो यह गुलखान हमें मौत के घाट उतरवा देता...

बताओ, तुम हो कौन और हमसे क्या चाहती हो?

तुम मुझे 'ब्लैक कैट' कह सकते हो।
कुछ दिन पहले, सेना के एक ट्रक को बारूदी सुरंग से उड़ा दिया गया था। मुझे सिर्फ यह जानना है कि वह काम किसका था?
तुम यह सब क्यों जानना चाहती हो?
मुझे सवाल का सवाल नहीं, सवाल का जवाब चाहिए।
मुझे शक हो रहा है कि तू पुलिस की जासूस है। हमारा विश्वास जीतने के लिए तूने गुलरवान की बलि चढ़ा डाली।
बता। कौन है तू? वर्ना तेरी लाश भी गुलरवान के बगल में गिरा दूंगा।
मैं समझ रही थी कि मेरे एहसान का बदला तुम जानकारी देकर चुकाओगे।
लेकिन तुम लोग सिर्फ लातों और घूंसों के बदले ही जानकारी दे सकते हो।
खचाक
आह! खत्म कर दो इसको।
छलनी कर दो इसके बदन को।
तड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़
लेकिन ब्लैक कैट तो एक छलावा थी।
जिम्नास्टिक और कलाबाजी की माहिर।

और ध्रुव की तरह उसको किसी के मरने या जीने की परवाह नहीं थी।

आतंकवादियों ने आज तक छिप-छिप कर हमले किए थे—

आमने-सामने की लड़ाई का उनको ज्यादा अनुभव नहीं था।

और ब्लैककैट जैसी दुश्मन से उनका सामना कभी नहीं हुआ था।

खच

तड़तड़तड़

धमाकों की आवाज़ें रह-रहकर गूंज रही थीं।

लेकिन भयभीत नागरिकों को, यह जानने में जरा सी भी दिलचस्पी नहीं थी कि अंदर क्या हो रहा है।
सबको अपनी जान प्यारी थी।
कमांडर को भी—
बस! रुक जाओ! रुक जाओ!
बताता हूं!
वह ब्लास्ट सुप्रीमा के आदमी ने किया था।
सुप्रीमा! कहां पर मिलेगी मुझे वह?
अ... अगर मैंने तुमको बताया तो वह तुमको भी मार डालेगी... और, मुझको भी!
मेरी चिंता छोड़! और अपनी जान की फ्रिक कर!
क्योंकि सुप्रीमा से पहले मैं तेरे चिथड़े कर दूंगी!
भय से कांपता कमांडर सब बताता चला गया।
ध्रुव के कदम भी आतंकवादियों की तरफ बढ़ रहे थे।
तो ये है उन आतंकवादियों की वैन की फोटो!
लेकिन इसमें तो नंबर प्लेट तक नहीं है, स्टेफी?
इससे कुछ पता कर पाना...
यह आवाज कैसी आ रही है?
घ घ घर्र्र्र्र्र्र्र्र
हल्के-हल्के वायब्रेशन महसूस हो रहे हैं। शायद होटलवाले ने पानी की मोटर चलाई है।
नहीं! दीवार में दरारें पड़ रही हैं!
दूर हटो स्टेफी!

दीवार गिरने वाली है!
धड़ड़ड़
वायब्रेटर कहते हैं, मुझे! कंपन छोड़ते हैं मेरे हाथ!
जिस चीज को छूलूं, वह थरथराकर, चूर-चूर होकर बिखर जाती है। फिर चाहे वह कंक्रीट की दीवार हो...
... या आदमी का शरीर!
ओफ्! यह क्या मुसीबत है?
हमसे तेरी क्या दुश्मनी है, भाई?
मेरी दुश्मनी किसी से भी नहीं है, छोकरी! मैं तो ग्रेंडमास्टर के हुक्म का गुलाम हूं!
ग्रेंडमास्टर रोबो?
हां! तूने एसिड को मारकर उनको बहुत नुकसान पहुंचाया है!
अब मुझे तेरे बदन का पाउडर बनाकर, उसे अपने मास्टर के शरीर पर मलना है!

क्यों, भाई ? यहां के बाजारों में टेल्कम पाउडर खत्म हो गया है क्या ?
यहां के बाजारों में एक ही चीज खत्म होती है। 'आदमी की जान'!
आऊ! इसके छूते ही मेरे बदन का हर अंग बुरी तरह से कांपने लगा है!
अगर यह मुझे पकड़ लेगा तो मेरे बदन का पाउडर बन जाना निश्चित है!
और मुझे इसके हाथों को बांध पाने का कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है।
क्योंकि मैं जिस चीज से भी इसके हाथों को बांधूंगा...
...वह टूट कर बिखर जाएगी!
अगर कोई ऐसी चीज मिल जाए जो, इन कंपनों से टूट कर न बिखरे और पल भर के लिए भी इसके हाथों को बांध सके तो मैं अपना काम...
... मिल गया रास्ता! वाह!
और अगले ही पल, ध्रुव वायब्रेटर के हाथों को छकाता हुआ...
...बाहर की तरफ भागा।
रुक जा रे! तू भाग कर जाएगा कहां?

तुझे तो मैं पाताल खोदकर भी निकाल लाऊंगा!
नहीं रुक रहा है? तो ले!
मैं तेरे पैरों के नीचे के फर्श को ही कंपकंपा देता हूं!
और ध्रुव के पैरों के नीचे, भूचाल सा आने लगा।
घड़ घ ड़ घ ड़
वायब्रेटर के हाथों से, कंपन निकल कर फर्श को थरथराने लगे।
लेकिन ध्रुव जानता था कि बचकर उसको कहां जाना है।
अब तू बचकर कहां जाएगा?
वाह! क्या जोरदार फोटोग्राफ्स आ रही हैं!
इसके हाथों को अगर कोई चीज बांध सकती है...
किचन
...तो वह है आटा! जो इसके कंपनों से थरथरा तो सकता है, पर टूट नहीं सकता!
घप
किचन
और जब तक यह आटे से अपना हाथ छुड़ा पाएगा...

...तब तक मैं इसका दिमाग ठिकाने लगा लूंगा!
वायब्रेटर ने पूरी ताकत लगाई।
और उसका हाथ, आटे से छूटकर, गैस सिलेंडर से जा टकराया–
अरे! गैस सिलेंडर थरथरा रहा है! उसमें दरारें पड़ रही हैं।
यानि इससे गैस लीक होकर बाहर निकलने लगी है! और इसका एक ही नतीजा होगा...
धमाका!
धड़ाक
देखते ही देखते, किचन भीषण आग की लपटों में घिर गया।
हैलो! फायर बिग्रेड?
मैं रीजेंसी होटल से बोल रहा हूं।
यहां पर भीषण आग लग गई है! तुरंत आइए।
आग सचमुच भीषण थी–
ओह! वायब्रेटर आग में घिर गया है।
अब वह शैतान नहीं बच सकता ध्रुव।

पर मैंने तुम्हारी एक्शन पैक्ड लड़ाई के पूरे दो रोल खींच लिए हैं।
तुम्हारे साथ रहने का इतना तो फायदा...
स्टेफी बचो!
लेकिन स्टेफी बच नहीं सकी।
मेरे दस्ताने आग में जलकर जरूर बेकार हो गए हैं...
...लेकिन मेरी पोशाक फायर प्रूफ फाइबर की बनी है।
इसको छोड़ दो, वायब्रेटर। और आत्मसमर्पण कर दो। खेल खत्म हो चुका है।
नहीं, ध्रुव। खेल तो अभी शुरू हुआ है। अब तू अपने आप इस आग में कूदेगा।
वर्ना मैं इस छोकरी को आग में झोंक...
फायर बिग्रेड। अब यहां पर रुकना ठीक नहीं है।
टन टनटन टन
मैं इस लड़की को अपने साथ ले जा रहा हूं।
और अगर मेरा पीछा करने की कोशिश की, तो इसको तुरंत खत्म कर दूंगा।
ध्रुव असहाय सा खड़ा रह गया।
छनाक
और वायब्रेटर, स्टेफी को लेकर आंखों से ओझल हो गया।
ओफ्! मेरी आंखों के सामने स्टेफी का अपहरण हो गया।
शर्म से डूब मरने वाली बात है।
शर्म मत करो, बरखुर्दार!
और उस लड़की को जिंदा देखने की उम्मीद भी छोड़ दो।

क्योंकि वह वायब्रेटर जिस दरिन्दे का आदमी है, वह इस दुनिया का सबसे खौफनाक हत्यारा है।
तुम किसकी बात कर रहे हो ?
ग्रैंडमास्टर रोबो की। आतंकवादियों के शहंशाह की।
तुम ग्रैंड मास्टर रोबो को कैसे जानते हो? कौन हो तुम ?
मेरी सारी जिंदगी इसी झील के किनारे बीती है, लड़के।
मेरा नाम असरारी है। मेरा काम है, मछलियां पकड़ना और लोगों की बातें सुनकर याद रखना।
मैं तो यह भी जानता हूं कि आतंकवादियों को हथियार भी वही सप्लाई कर रहा है। और इस वक्त वह इसी घाटी में है।
आतंकवादियों को हथियार, रोबो सप्लाई कर रहा है ?
कहां पर है, वह ?
बताओ मुझे।
भूल जा उसे लड़के! अभी से अपनी मौत को क्यों बुलाना चाहता है ?
कौन, किसकी मौत बनेगा, यह तो वक्त ही बताएगा, असरारी।
तुम मुझे सिर्फ उसका पता बताओ ?
वह देखो। पहाड़ी की चोटी पर बना मकान। वही है ग्रैंडमास्टर रोबो की मांद।
हिम्मत है तो जा वहां पर।
और कर दे खात्मा उस शैतान का।
ऊपर जाने का सिर्फ एक ही रास्ता है। और वह ढलान से होकर जाता है।
और उस रास्ते पर शर्तिया कड़ी नजर रखी जाती होगी।
इसीलिए मुझे वह रास्ता चुनना होगा, जिस पर रोबो नजर रखने की कोई जरूरत नहीं समझता होगा।
क्योंकि उस सीधी और खड़ी चढ़ाई से ऊपर तक पहुंच पाना लगभग असंभव है।
लेकिन मेरे सामने वहां पर पहुंच पाने का और कोई रास्ता भी तो नहीं है।

सुप्रीमा
एक-एक इंच करके, ध्रुव वह चढ़ाई चढ़ रहा था-
जिस पर हल्की सी भी चूक का मतलब था-दर्दनाक मौत-
और उसको, मौत को धोखा देना, अच्छी तरह से आता था।
आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, ध्रुव अपने दुश्मन की मांद के बगल में था।
लेकिन ध्रुव की जिंदगी का हर एक पल मौत के साए में ही बीतता था।
यहां तक तो मुझे कोई देख नहीं पाया।
लेकिन मुश्किल हिस्सा तो अब शुरू होता है।
क्योंकि अब मुझे इस मौत के घर के अंदर घुसना है। लेकिन अजीब सी बात है।
इतनी खामोशी क्यों है? रोबो को मेरे आने की खबर तो लग ही चुकी है...
... और वह यह भी जानता होगा कि देर सबेर मैं यहां तक पहुंच ही जाऊंगा। फिर भी उसने अपनी सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं...
ईयाहऊ
... यह चीख! यह तो स्टेफी की चीख है।
आवाज इस दरवाजे के अंदर से आई थी।
ध्रुव ने धीरे से दरवाजा खोला-
और अंदर का दृश्य देखकर वह दहल उठा-

स्टेफी ! तुमको बिजली का करंट ...
आगे की बात...
...ध्रुव पूरी नहीं कर पाया—
उसका दिमाग अंधेरे में डूबता चला गया।
तड़ाक
शाबास, वायब्रेटर ! ध्रुव आखिरकार, रोबो को ढूंढ़ता हुआ, हमारे जाल में आ ही गया !
झील के किनारे तैनात असरारी ने इसको सही जगह पर भेज दिया।
ले चलो इसको मेरे कमरे में।
सबसे पहले मैं इसको वह इंजेक्शन लगाना चाहती हूं, जो इसकी जबर्दस्त इच्छाशक्ति को कमजोर कर देगा।
बगैर उस इंजेक्शन के लगे, इसको हिप्नोटाइज करना असंभव है।
फिर इसके होश में आते ही, मैं इसको अपने वश में कर लूंगी।
कमांडर ने, ब्लैक कैट को एकदम सही खबर दी थी।
यही है वह जगह, जिसके अंदर बैठी है मेरे भाई की दुश्मन।
अपनी सेना को अंदर भेजने का समय आ गया है।

लेकिन ब्लैक कैट को यह नहीं मालूम था, कि ध्रुव इस इमारत के अंदर ही है...
...और खतरे में है।
यह इंजेक्शन लगते ही इसकी इच्छाशक्ति खत्म हो जाएगी।
उसके बाद यह मेरे हुक्म का गुलाम होगा! इसको याद सब कुछ रहेगा...
...लेकिन बगैर मेरे हुक्म के यह एक भी कदम नहीं चल...
अरे! ये खतरे के सारे अलार्म एक साथ कैसे बजने लगे?
सुप्रीमा! मादाम सुप्रीमा!
जल्दी आइए!
ये देखिए, मादाम! हर कमरे का एलार्म बज रहा है! क्योंकि हर कमरे में घुसी हुई है...
...एक काली बिल्ली!
क्या? ओफ! अब इंजेक्शन लगाने का समय नहीं है।
उसको ऐसे ही हिप्नोटाइज करना पड़ेगा मुझे।
ध्रुव ने आंखें खुलते ही अपने आपको..
आह!
काली बिल्लियां? इतनी सारी बिल्लियां आई कहां से?
ध्रुव को होश आ रहा है, सुप्रीमा!
..दो चमकती आंखों में झांकता हुआ पाया।
मेरी आंखों में देखो। गौर से देखो।
देखते रहो! देखते रहो!
अब तुम मेरे वश में हो। बोलो हां, मादाम।
हां, मादाम!
ब्लैक कैट अपने काम में व्यस्त थी।
मेरी बिल्लियों की सेना पूरी इमारत में फैल चुकी है। और हर बिल्ली के पेट पर चिपका हुआ है...
एक शक्तिशाली बम।
पर उन बमों को रिमोट कंट्रोल से उड़ाने से पहले मैं सुप्रीमा को बताना चाहती हूं कि उसकी मौत मैं...

अरे ! इन शैतानों ने यहां पर एक लड़की को कैद करके रखा हुआ है।
और वे इसको बिजली के झटके दे रहे थे।
इस इमारत को बमों से उड़ाने के पहले मुझे इसको यहां से बाहर निकालना होगा।
कुछ ही पलों में ब्लैक कैट का काम खामोशी से पूरा हो जाना था।
लेकिन या तो ब्लैक कैट की किस्मत में खामोशी नहीं थी -
या उस आदमी की जिंदगी की घड़ियां खत्म हो चुकी थीं।
तड़ तड़
ईयायाया
खचाक
सन्नाटे में गूंजी चीख और गोलियों की तड़तड़ाहट का मतलब ब्लैक कैट अच्छी तरह समझ रही थी...
..कि पूरा माहौल अब जल्दी ही गर्म होने वाला है।
तड़ तड़ातड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़ तड़
लेकिन वह इस स्थिति के लिए पहले से ही तैयार थी।

अगले ही पल– ब्लैक कैट ने पहले से ही गर्म हो चुके माहौल को दहका दिया–
सुप्रीमा के आदमी बारिश में पके जामुनों की तरह गिरने लगे।
तड़तड़ तड़.
हर एक निशाना सधा हुआ था।
एक आदमी के लिए एक गोली ही काफी थी।
दो मिनटों के अंदर सारा खेल खत्म हो जाना था।
लेकिन वे दो मिनट ब्लैक कैट को नहीं मिले–
हां! और जो हाथ मादाम सुप्रीमा की तरफ उठेगा, उसे मैं धड़ से उखाड़ कर फेंक दूंगा!
इसको खत्म कर दे, मेरे गुलाम ध्रुव! इसे जरूर रोबो ने यहां पर भेजा है।
उसके आदमियों के अलावा यहां पर घुसने की हिम्मत और कोई नहीं कर सकता।
भड़ाक
गुलाम ध्रुव? यानि सुप्रीमा ने किसी तरह से ध्रुव को अपने कब्जे में कर लिया है।
और जब तक यह इस इमारत के अंदर है, तब तक मैं इसको बमों से नहीं उड़ा सकती!
ध्रुव!
तुम यहां पर?
एक ही रास्ता है, इसको इमारत से बाहर ले जाना। चाहे इसके लिए मुझे ध्रुव को बेहोश ही क्यों न करना पड़े।
धड़ाक

ब्लैक कैट समझ रही थी कि यह काम लगभग असंभव है—

ताड़.

फिर भी – ब्लैक कैट ने आज तक जो भी सोचा था पूरा करके दिखाया था।

ढिशूं

न तो वह ध्रुव पर घातक वार करने से चूक रही थी—

धड़ाक

आह!

और न ही ध्रुव को आज एक लड़की पर हाथ उठाने में कोई एतराज था।

अफ्फ

वह पूरी तरह से सुप्रीमा के कब्जे में था।

अब शायद ब्लैक कैट के लिए मुकाबला कर पाना मुश्किल हो रहा था।

कारण कुछ भी था!

लेकिन ब्लैक कैट अब भागने का रास्ता ढूंढ़ रही थी।

भागो!

या, शायद उसको, स्टेफी को सुरक्षित बाहर ले जाने की फिक्र सता रही थी।

और किसी के रोक पाने से पहले –
ब्लैक कैट, स्टेफी के साथ, चट्टानों के झुंड में खो चुकी थी।
मैं अभी इसको ढूंढ़ कर लाता हूं, सुप्रीमा!
और आपके सामने इसके टुकड़े-टुकड़े कर दूंगा!
नहीं, मेरे गुलाम! यह तो रोबो की एक छोटी सी सैनिक थी। रोबो ने हमको खुले आम चैलेंज दिया है!
इसीलिए अब हमको खत्म करना है••• रोबो के अड्डे को!
और रोबो को।
ईयां ऊ
मैं अपने आदमियों को तैयार होने का आदेश•••
ये आवाज कैसी है?
ये तो••• एक काली बिल्ली है!
और इसके पंजे के नीचे एक रिमोट कंट्रोल है।
लेकिन किस चीज का?
बिल्ली का पंजा, बटन पर दबा•••
खट
बड़ाम
कड़ड़
बूम
भड़ाक
••और सुप्रीमा को अपने सवाल का जवाब मिल गया।

मेरा अड्डा! मेरे सारे गुलाम! सब एक झटके में खत्म हो गए!
यह जरूर उसी लड़की का काम है! और उसने यह रोबो के इशारे पर किया है।
यह बार-बार मेरे जॉनी दुश्मन रोबो का नाम ले रही है! पर क्यों?
खैर! अभी तो मैंने इसका अड्डा बरबाद किया है। अभी इसको बर्बाद होना बाकी है।
मुझे इसके पीछे लगे रहना होगा! और जैसे ही ध्रुव इसका साथ छोड़ेगा...
वैसे ही ब्लैक कैट इसे धर दबोचेगी।
अब रोबो देखेगा, सुप्रीमा की असली ताकत!
आओ, मेरे गुलाम ध्रुव!
और कुछ ही देर बाद-हिमालय की बर्फीली ढलानों के बीच—
बस! 'स्नो-स्कूटर' को यहीं पर रोक दो!
आगे का रास्ता हमको पैदल तय करना पड़ेगा..
..क्योंकि यहां से, रोबो के अड्डे के इकलौते दरवाजे तक बारूदी सुरंगे बिछी हैं। मैं तुमको उस दरवाजे तक जाने का सुरक्षित रास्ता बताती हूं...
...ताकि तुम वहां पर जाकर दरवाजे के चारों तरफ 'डायनामाइट की छड़ें' फिट कर दो।
फिर मेरा मेगा रॉकेट लांचर एक बार में इस अड्डे के परखच्चे उड़ा देगा।

बीच में छिपने की कोई जगह नहीं थी।
वहां तक पहुंचने का रास्ता, तय कर पाने की एक ही सूरत थी—
फुर्ती और तेजी!
बर्फ के अंदर दबी बारूदी सुरंगों की ऊपर उठी छड़ों को ढूंढ़ते, और उनसे बचते हुए...
..ध्रुव, आधा रास्ता तय करने के बाद—
ठिठक कर रुक गया—
उसको देख लिया गया था।
ग्रैंडमास्टर रोबो सामने खड़ा हुआ था।
आओ! आओ! मेरे जॉनी दुश्मन!
मुझे तुम्हारी और सुप्रीमा के आने की खबर मिल गई थी।
इसीलिए मैंने तुम लोगों को रास्ते में रोकने की कोई कोशिश नहीं की।
ताकि तुम दोनों की लाशें मैं यहां पर ही बिछा सकूं।
ओह! यह अपनी 'लेसर आंख' से 'बारूदी-सुरंगों' में विस्फोट कर रहा है।
इधर ध्रुव मौत से जूझ रहा था।
और उधर सुप्रीमा, अपना मौका ताड़ रही थी।
वाह! रोबो खुद ब खुद सामने आ गया है।
अगर मैं इसी को खत्म कर दूं, तो इसका अड्डा अपने आप हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।
सुप्रीमा ने रॉकेट लांचर साधा—
ट्रिगर दबते ही, रोबो का बच पाना असंभव था।

लेकिन रोबो की जीवन रेखा अभी बची हुई थी।
और ध्रुव की भी—
सारी बारूदी सुरंगों में मैंने विस्फोट करा दिया! पर तू सबसे बच गया! लेकिन मैंने तेरे लिए पूरा इंतजाम करके रखा है।
स्कीईंग किलर्स!
अगले ही पल—
ओह! ये तो स्की पर काफी तेज गति से आ रहे हैं। और इन सबके हाथों में नुकीले स्की हैं।
पहले स्कीईर से तो ध्रुव बच लिया—
ईयाा

लेकिन दूसरे से वह नहीं बच पाया —
स्कीईर काफी तेजी से आ रहे थे।
खशाक
आऊ! ये तो काफी तेजी से आ रहे हैं।
इनसे निपटने का सिर्फ एक ही तरीका है...
... कि मैं भी अपनी गति को ...
... इनके जितना बढ़ा लूं!
ध्रुव के पैर लुढ़कती चट्टान पर तेजी से चलने लगे —
यह करिश्मा, वह जूपिटर सर्कस में, गोल गेंद पर चलकर, कई बार दिखा चुका था।
और अब उसकी गति, अपनी तरफ बढ़ते स्कीईंग किलर्स से जरा भी कम न थी।

स्कीईंग किलर्स भी इस दांव की काट नहीं ढूंढ़ सकते थे।
भड़ाक
तड़ाक
ध्रुव के हाथ, मशीन की तरह घूम रहे थे।
भाड़ड़ड़
हर वार के अंदर एक बुलडोजर की सी ताकत भरी हुई थी।
स्कीईंग किलर्स यह समझ ही नहीं पाए कि खेल कब खत्म हो गया।

और इधर ब्लैक कैट का क्रोध, कहर बनकर सुप्रीमा पर बरस रहा था।
तड़ाक
और सुप्रीमा का गुस्सा, गर्म लावा बनकर ब्लैक कैट पर फूट रहा था।
मुकाबला लगभग बराबर का था।
लेकिन वहां पर ब्लैक कैट का साथ देने वाला कोई भी नहीं था..
...जबकि सुप्रीमा का एक मददगार मौजूद था।
ध्रुव! खत्म कर दो इस लड़की को! मदद करो मेरी!
धम्मम्म
तुम्हारी मदद? पर 'क्यों'?
क्योंकि तुम मेरे गुलाम हो। तुम मेरी हिप्नोटिक पावर में कैद हो!
मैं तुम्हारी हिप्नोटिक पावर में कभी कैद नहीं था। होश में आते ही मैंने जब तुमको हिप्नोटाइज करने की कोशिश करते हुए देखा...
... तो उसी वक्त मैंने फैसला कर लिया कि अभी मैं तुमको इसी भुलावे में रखूंगा, कि मैं तुम्हारा गुलाम हूं।
वैसे भी, रोबो का अड्डा पता लगाने के लिए मुझे तुम्हारी मदद चाहिए थी।
अफसोस मुझे सिर्फ इस बात का है कि तुमको भुलावे में रखने के लिए मुझे पहली बार एक लड़की पर हाथ उठाना पड़ा।
वह तो फिल्मी स्टाइल की लड़ाई थी, ध्रुव! तुम्हारा एक भी वार मुझ पर नहीं लगा!
तब मैं भी समझ गई कि कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर है।

लेकिन मेरी नजरों में तुम अब भी एक अपराधी हो, ब्लैक कैट।
सुप्रीमा के अड्डे में तुमने जो हत्याएं कीं, उनका जवाब देने के लिए तुमको कानून का सामना करना होगा।
कानून में सबको न्याय पाने का बराबर हक...
च्-च्-च् ! तुम लोगों का इतना गंभीरवार्तालाप तोड़ते हुए मुझे बड़ा दुःख हो रहा है...
ब्लैक कैट खुद एक कानून है, ध्रुव ! और सजा भी वह खुद ही देती है।
इन अपराधियों को गिरफ्तार करके क्या होता ? सब गिरफ्तार होकर जमानत पर छूट जाते, और एक बार फिर कोई भयंकर अपराध कर डालते।
...लेकिन कुछ ही मिनटों बाद, तुम लोग अपनी बहस नर्क पहुंचकर जारी रख सकते हो !
और इधर देखो ! ये है तुम सबकी मौत... बॉम्बर !
अब से ठीक दो मिनट बाद बॉम्बर पर बंधे सारे बम एक साथ फटेंगे, और दो वर्ग किलोमीटर का पूरा ईलाका बर्फ में मिल जाएगा।
बचेगा तो सिर्फ बॉम्बर ! क्योंकि इसका कवच ब्लास्ट प्रूफ है।
रोबो !
और तुमलोग इससे बचकर भाग भी नहीं सकते। क्योंकि तुम जहां भी जाओगे, यह तुम्हारे पीछे-पीछे जाएगा।

आज मेरे तीन जॉनी दुश्मन एक साथ मरेंगे। हा हा हा!
अलविदा, मेरे दुश्मनो! मैं तो चला। क्योंकि मुझे बमों से मरने का कोई शौक नहीं है।
तुम सब जरूर मरो! लेकिन मेरी मौत रोबो से पहले नहीं हो सकती।
आईया या!
धाड़!
अगर हिलने या मुझे रोकने की कोशिश की, तो दो मिनटों की बची जिंदगी से भी हाथ धो बैठोगे।
कुछ ही पलों बाद—
ओह! वह 'स्नो-स्कूटर' से भाग गई है।
हम यहां से भाग कर कहीं नहीं जा सकते, ध्रुव! हमको मौत का सामना करना ही पड़ेगा!
मौत आती है, तो बेशक आए! लेकिन बिना मुकाबला किए तो मैं मौत से भी हार मानने वाला नहीं हूं।

लेकिन अगर बॉम्बर का कवच ब्लास्ट प्रूफ था..
..तो निश्चित ही घूंसा प्रूफ भी था!
ई या या याऊ!
धमाक
लेकिन ध्रुव का बदन, चोट-प्रूफ नहीं था।
भाड़.
आह! इसका कवच तो बहुत कड़ा है! ऐसे कुछ नहीं हो पाएगा!
तुम करना क्या चाहते हो, ध्रुव?
अगर हम इसको धक्का देकर खाई में गिरा सकें, तो शायद ब्लास्ट से बच सकते हैं।
तो सोचना कैसा? जो करना है, जल्दी करो!
सिर्फ एक मिनट बचा है।
दोनों एक साथ, बॉम्बर पर टूट पड़े।
धमममम
लेकिन बॉम्बर हिला तक नहीं।

अब हम कुछ नहीं कर सकते, ध्रुव ! ये बम फटकर ही रहेंगे। आज हम लोग, मौत से बच नहीं सकते !
हम बमों को फटने से नहीं रोक सकते ! और भागकर बच भी नहीं सकते।
तो क्या हम ऐसे बैठे-बैठे मौत का इंतजार...
एक रास्ता है ! लेकिन उसके लिए मुझे तुम्हारी मदद की जरूरत है, ब्लैक कैट।
जल्दी बोलो ! क्योंकि मुझे भी मरने की कोई जल्दी नहीं है।
ध्रुव ने, तेजी से ब्लैक कैट के कानों में कुछ फुसफुसाया-
और दोनों एक बार फिर बॉम्बर पर टूट पड़े-
तुम मच्छरों का शायद अभी दिल नहीं भरा है।
तुम लोग बमों से पहले, मेरे घूंसे खाकर मरना चाहते हो !
भम्म
ध्रुव, अपने बदन पर हथौड़ों जैसे वार सहकर भी-
धाड़

...बार-बार, बॉम्बर की तरफ क्यों लपक रहा था?
वह उसका ध्यान बंटा रहा था।
धाड़
ताकि ब्लैक कैट आराम से अपना काम कर सके।
भड़ाक
ब्लैक कैट के नुकीले पंजे हेलमेट और कवच की दरार के अंदर कुछ ढूंढ़ रहे थे।
और आखिरकार उसे वह हुक मिल ही गया—
जिसको दबाते ही- बॉम्बर का हेलमेट खिंचता हुआ, ब्लैक कैट के हाथ में आ गया—
?
अब तक ध्रुव, बॉम्बर के कई भीषण मुक्के सह चुका था।
लेकिन बॉम्बर उसका एक भी वार नहीं सह पाया।
भ
ड़

यह तो बेहोश हो गया! लेकिन इसको बेहोश करने से क्या होगा?
बमों के फटने में सिर्फ तीस सेकेण्ड बचे हैं। इतनी देर में हम क्या कर लेंगे?
बहुत कुछ!
इसको इसके कवच से बाहर निकालने में मेरी मदद करो।
जल्दी।
कुछ ही सेकेण्डों बाद बॉम्बर का शरीर कवच से बाहर पड़ा हुआ था।
इन बमों के पट्टों को खोलो।
समय धीरे-धीरे सरकता जा रहा था—
मौत पास आती जा रही थी—
नौ सेकेण्ड...
...चार सेकेण्ड—
...दो सेकेण्ड—
खटाक!

एक सेकेण्ड –
और ब्लास्ट हो गया –
लेकिन नुकसान कुछ भी नहीं हुआ –
धमाके का सारा असर ब्लास्ट-प्रूफ कवच के अंदर ही रह गया –
रोबो हमको अंजाने में खुद ही बचने का रास्ता देकर गया था !
यह तो तुमने साबित कर दिया, ध्रुव ! लेकिन एक बात मुझे साफ-साफ स्वीकार करनी है...
मुझे इस कड़कड़ाती ठंड में भी पसीना आ गया था !
मौत, कभी इतने करीब से नहीं देखी थी मैंने।
अगर बॉम्बर का कवच बॉम्बर को धमाके से बचा सकता था...
... तो बमों के धमाकों को नुकसान पहुंचाने से भी रोक सकता था।
अब मेरा काम कहीं और पर है।
मैं चलती हूं।
लेकिन ब्लैक कैट नहीं रुकी –
और ध्रुव ने भी उसको पकड़ने की कोई कोशिश नहीं की –
रुक जाओ, ब्लैक कैट !
मैं तुमको ऐसे भागने नहीं...
अजीब स्थिति है। मैं इसको पकड़ना चाहता भी हूं, और नहीं भी चाहता।
शायद अभी तक मैं ये नहीं समझ पाया हूं, कि यह मेरी मित्र है या दुश्मन !

और फिर–
सारी गुत्थियां सुलझ गईं, ध्रुव!
अब हमको पक्का पता चल गया है, कि काश्गीर के आतंकवाद के पीछे किर्गिस्तान का हाथ था।
क्योंकि सुप्रीमा के ध्वस्त हैडक्वार्टर के अंदर से हमको ऐसे कई दस्तावेज मिले हैं, जो इस बात का सबूत हैं कि किर्गिस्तान आतंकवादियों को पैसा देता था।
पुलिस हेडक्वार्टर
और ये देखो! आतंकवादियों का कमांडर।
यह वास्तव में किर्गिस्तान की खुफिया एजेंसी का आदमी है।
इसने खुद ही हमारे हैडक्वॉर्टर में आकर आत्म-समर्पण कर दिया।
इसके पीछे-पीछे एक काली बिल्ली भी आई थी। और न जाने क्यों, यह उसको देखकर डर से कांपता जा रहा था।
खैर! अब तो घाटी से आतंकवाद का सफाया हो गया है।
और अब कभी आतंकवाद यहां पर पनपेगा भी नहीं।
स्टेफी!
हां! मैं वास्तव में रिपोर्टर नहीं...
..बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ में डिप्टी डायरेक्टर हूं।
मैं फोटो रिपोर्टर के रूप में यहां पर यह पता करने आई थी कि आतंकवाद के पीछे आखिर सच्चाई क्या है।
अब दुनिया के सामने यह बात साफ हो जाएगी कि काश्गीर में आतंकवाद फैलाया जा रहा था।
और यह काम किर्गिस्तान कर रहा था! इसके बाद किर्गिस्तान यह काम कभी नहीं कर पाएगा।

फिर- आर्मी हॉस्पिटल में-
तुम बिल्कुल ठीक हो, ध्रुव!
कहीं पर, न कोई हड्डी टूटी है, और न ही नस खिंची है।
यह तो कमाल हो गया। मैं तो समझ रहा था कि बॉम्बर ने मेरी एक, दो पसलियां चटका दी हैं।
तुम इसको कमाल कह रहे हो?
कमाल तो मैं तुमको दिखाता हूं!
आओ मेरे साथ।
ये हैं, कैप्टेन राहुल!
कैप्टेन राहुल! मैं आपसे मिलने ही जा रहा था कि रास्ते में आपका ट्रक पहले ही ब्लास्ट कर दिया गया।
यह तो मेरी बहन के प्यार का कमाल है कि उसने मुझे मौत के जबड़ों से खींचकर बाहर निकाल लिया।
ये है, प्रिया! मेरी प्रिय बहन!
हैलो, सुपर कमांडो ध्रुव!
हां! ये उस ब्लास्ट में इतने घायल हो गए थे कि हमने इनके बचने की उम्मीद ही छोड़ दी थी।
फिर भी इन्होंने मौत को भगा दिया।
आप मुझे जानती हैं?
'आप' नहीं 'तुम'! इतने फेमस आदमी के मुंह से 'आप' सुनकर अच्छा नहीं लगता।
वैसे मैं भी राज-नगर में ही रहती हूं। तुमको कई बार देखा है।
शायद तुमने भी मुझे कहीं पर देखा हो।
ध्रुव को आंखें तो जानी-पहचानी सी लग रही थीं...
...लेकिन वह यह समझ नहीं पा रहा था कि ये आंखें ब्लैक कैट की हैं।
समाप्त